TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**15 जनवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**बच्चों की शिक्षा ही किसी राष्ट्र की असली शक्ति है।**

जवाहरलाल नेहरू



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

15 जनवरी

मधु प्रिया

# थल सेना दिवस 15 जनवरी




थल सेना दिवस, भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को लेफ्टिनेंट जनरल (बाद में फ़ील्ड मार्शल) के. एम. करियप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर से यह पदभार ग्रहण किया था। यह दिन सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ नई दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी भी दी जाती है जिन्होंने कभी ना कभी अपने देश और लोगों की सलामती के लिये अपना सर्वोच्च न्योछावर कर दिया।15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब देश भर में व्याप्त दंगे-फसादों तथा शरणार्थियों के आवागमन के कारण उथल-पुथल का माहौल था। इस कारण कई प्रशासनिक समस्याएं पैदा होने लगी और फिर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना को आगे आना पड़ा। इसके पश्चात एक विशेष सेना कमांड का गठन किया गया, ताकि विभाजन के दौरान शांति-व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। परन्तु भारतीय सेना के अध्यक्ष तब भी ब्रिटिश मूल के ही हुआ करते थे। 15 जनवरी 1949 को फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय सेना प्रमुख बने थे। उस समय भारतीय सेना में लगभग 2 लाख सैनिक थे। उनसे पहले यह पद कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर के पास था। उसके बाद से ही प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। के एम करिअप्पा पहले ऐसे अधिकारी थे जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी। उन्होंने साल 1947 में भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व किया था।

# पुण्यतिथि विशेष 15 जनवरी




गुलजारीलाल नन्दा ( जन्म - **04** जुलाई **1898** मृत्यु - **15** जनवरी **1998)** एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। **1964** में जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद वे कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए गए। दूसरी बार लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद **1966** में वे पुनः कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने। इनका कार्यकाल दोनों बार उसी समय तक सीमित रहा जब तक की कांग्रेस पार्टी ने अपने नए नेता का चयन नहीं कर लिया। वे 'नन्दाजी' के रूप में विख्यात थे।

TOB
खेल कॉर्नर

# वनडे में 90's में आउट होने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय



**विराट कोहली**
37 साल, 67 दिन



**सुनील गावस्कर**
36 साल, 282 दिन



**शिखर धवन**
36 साल, 229 दिन

# बतौर ओपनर सबसे ज्यादा वनडे सिक्स



**रोहित शर्मा**
*(भारत)*
329 सिक्स
31 शतक | 193 मैच



**क्रिस गेल**
*(वेस्टइंडीज)*
328 सिक्स
25 शतक | 280 मैच



**सनथ जयसूर्या**
*(श्रीलंका)*
263 सिक्स
28 शतक | 388 मैच

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **15.01.2026**

## शिक्षण समायोजन

शिक्षण समायोजन (**Teaching Adjustment**) का अर्थ है छात्रों की विभिन्न ज़रूरतों और परिस्थितियों के अनुसार शिक्षण विधियों, गतिविधियों और मूल्यांकन प्रक्रियाओं में बदलाव करना, ताकि सभी छात्रों को सीखने के समान अवसर मिलें और वे शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**भारतीय रेलवे** अगले हफ्ते देश की पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस शुरू करने जा रहा है। इस **ट्रेन** की सबसे खास बात यह है कि अगर **टिकट** मिला तो पूरी बर्थ मिलेगी, अगर नहीं मिला तो **टिकट बुक** ही नहीं होगा।

 राकेश कुमार

# पद्य पंकज

मिट्टी का गहरा अंधकार,
डूबा है उसमें एक बीज।
वह खो न गया, मिट्टी न बना
कोदों, सरसों से क्षुद्र बीज।
उस छोटे उर में छिपे हुए,
है डाल-पात औं' स्कन्द-मूल।
गहरी हरीतिमा की संसृति
बहु रुप-रंग,फल और फूल।

**सुमित्रा नंदन पंत**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


15 जनवरी
शौर्य साहस का तू चंदन है
हे मातृभूमि के वीर
हृदय से तुम्हारा वंदन है।
सभी भारतीय सैनिकों को
सेना दिवस
पर आभार और नमन।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
गुलजारीलाल नन्दा
4 जुलाई 1898 - 15 जनवरी 1998
/teachersofbihar
Madhu priya